Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-09-2022 | अंक 345

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बालू से भरा हाईवा धान की खेत में पलटा, खेत को हुआ नुकसान



बड़कागांव में इन दिनों नदियों से अवैध बालू उठाव कारोबार जोरों पर है, बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है, लेकिन प्रत्येक दिन सैकड़ों ट्रैक्टर और हाइवा नदियों से बालू उठाकर बड़कागांव मुख्य मार्ग और भगवान बागी होकर तस्करी की जा रही है। बालू की बिक्री हजारीबाग के बाजारों में बड़े उच्च कीमत पर की जा रही है। बड़कागांव में दर्जनों बालू डंपयार्ड है और इन डंपयार्डों में कभी भी बालू की कमी नहीं रहती है, प्रश्न यह उठता है कि जब बालू घाटों की नीलामी हुई नहीं तो इन बालू यार्डों में बालू कहां से आता है। बीते दिन बड़कागांव भगवान बागी होकर निकल रहे बालू से भरा हाईवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बालू भरा हाईवा धान के खेत में पलट गई। हालांकि इस घटना में किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। मौके पर पुलिस पहुंच कर घटना का जायजा लिया।

### 1932 खतियान लागू करने पर प्रयाग प्रसाद ने झारखंड सरकार का जताया आभार



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहकारिता विभाग बरही विधानसभा के सचिव प्रयाग प्रसाद ने हेमंत सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसले पर हेमंत सरकार का आभार जताते हुए कहा की झारखंडियो का पहचान ही 1932 का खतियान है। साथ ही उन्होंने कहा की ओबीसी आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% करने को लेकर कैबिनेट की स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा की राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के समय जो उन्होंने वादा किया था उसको उन्होंने पूरा किया। झारखंड की जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण 1932 का खतियान लागू कराने का कदम राज्य के विकास में बहुत मददगार साबित होगा। अंत में उन्होंने इस ऐतिहासिक फैसले पर झारखंड के मुख्यमंत्री समेत पूरी गठबंधन सरकार को उन्होंने धन्यवाद वा आभार व्यक्त किया।




# 18 को अपेम की ओर से आयोजित होगा करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह

## अपेम लाइव न्यूज़ के प्रथम वार्षिकोत्सव पर शैक्षणिक संस्थान, पंचायत प्रतिनिधि एवं शिक्षाविद होंगे सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के निर्देशन में संचालित बरही सहित चार जिलों में प्रसारित लोकप्रिय डिजिटल न्यूज़ पेपर अपेम लाइव न्यूज़ के सफलता पूर्वक एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन 18 सितम्बर 2022 को स्थानीय टाउन ह०ल बरही में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर करियर काउंसलिंग के लिए चाणक्या आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय कुमार मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधान शिक्षक ईशो सिंह, शिक्षाविद देवधारी प्रजापति




उपस्थित रहेंगे। इनके द्वारा बच्चों को शिक्षा से संबंधित जानकारियां दी जाएगी । साथ ही 10वीं एवम 12वीं के बच्चों को करियर काउंसलिंग कराई जाएगी। मौके पर अपेम चयन समिति के द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ 15 सरकारी स्कूल, 21 निजी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थान 12 सरकारी शिक्षक, 13 सहायक अध्यापक, 12 निजी स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे 15 सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठ्न, 8 खिलाडी, 10 कलाकार, 8 सामाजिक व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता, बरही अनुमंडल के 10 जिला परिषद सदस्य, बरही अनुमंडल के 10 प्रमुख व उप प्रमुख, 5 मुखिया संघ अध्यक्ष, बरही के 26 पंचायत समिति सदस्य, 20 मुखिया, 20 उप मुखिया एवं प्रत्येक स्कूल के ट०प थ्री बच्चे संख्या 120 को सम्मानित किया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के ख़ुशी में बरही चौक पर पटाखा फोड़ किया ख़ुशी का इजहार

## झारखंड में ओबीसी के लिए अमृत साबित होगी 1932 खतियान और 27% आरक्षण : दीपक गुप्ता

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए 1932 का खतियान और ओबीसी के 27% आरक्षण पर मुहर लगा दी। इस खुशी में बरही चौक पर प्रखंड कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष सुनील साव के अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा पटाखा फोड़कर और एक– दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशीयां मनाई गई। बतौर अथिति के रूप में उपस्थिति कांग्रेस ओबीसी जिला सचिव दीपक गुप्ता ने कहा झारखण्डियों की पहचान 1932 का खतियान है। राज्य के स्थानीय निवासी की परिभाषा, पहचान व झारखंड के स्थानीय व्यक्तियों के सामाजिक लाभों के लिए विधेयक –2022 के गठ्न को मंजूरी दी गयी। . इसके तहत ही झारखंड के स्थानीय की पहचान आज मिली। वही



बरही चौक पर खुशी का इजहार करते कांग्रेसी

ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ा कर 27% करने को लेकर कैबिनेट की स्वीकृति दी गई । उन्होंने वर्षो पुरानी इस माँग को पूरा करने के लिए एक बार पुनः झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं पूरी गठबंधन सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। मौके पर बरही 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा की वर्तमान सरकार जो कहती है वो करती है। लगातार हेमंत सरकार जनहित से किए अपने वादे को पूरा कर रहा है। ओबीसी प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील साव ने कहा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी ने जो वायदा किया वह पूरा किया। झारखंड की जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण 1932 का खतियान लागू कराने का कदम, राज्य के विकास में, यहां के मूलवासियों को आगे बढ़ाने में बहुत मददगार साबित होगा। मौके पर जिला सचिव अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्क्षय इकबाल रजा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष कुणाल कतररियार, प्रखण्ड उपाध्यक्ष यमुना यादव, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, मुखिया सिकेंद्र राणा, मनोज रविदास, प्रमोद सिंह,सुशील केशरी, इम्तियाज ,जिला प्रवक्ता आरजेडी राजेंद्र स्वर्णकार,प्रमोद साहु, अमित जसवाल, विरेंद यादव, प्रयाग प्रसाद अरुण कुमार व अन्य कई कांग्रेसी उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखंड सरकार का फैसला स्वागत योग्य, ओबीसी के हित में लिया गया निर्णय एतिहासिक : अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड में ओबीसी वर्ग का लंबे समय से एक माँग थी कि ओबीसी वर्ग को झारखंड में उनके जनसंख्या के अनुपात के आधार पर आरक्षण दिया जाय । ताकि इस वर्ग को भी सरकारी नौकरी, निजी नौकरी, शिक्षा, व्यवसाय इत्यादि में लाभ मिल सके और इस माँग को लेकर कई समाजिक संगठन समय समय पर आंदोलन करते रहे हैं । चौदह सितम्बर 2022 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था । जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ओबीसी को सरकारी नौकरियां, शिक्षा इत्यादि में 27ः देने की घोषणा किया गया


अरूण साहू

। ओबीसी वर्ग को 27ः आरक्षण की घोषणा के बाद राज्य भर के ओबीसी संगठन चलाने वाले लोगों ने इसका स्वागत किया है। इस बाबत झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से लंबित इस विषय पर हेमंत सोरेन की सरकार ने हिम्मत दिखाते हुए यह एतिहासिक़ घोषणा की है, यह राज्य भर के ओबीसी समुदाय के लिए हर्ष का विषय है। आगे उन्होंने कहा की बीपी मंडल आयोग और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा के अनुसार और 1993 में नौ जजों की बेंच के फैसले के अनुसार सरकार को पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने में कहीं कोई समस्या नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र में आरक्षण देने और झारखंडी महापुरुषों के नाम से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का नामांतरण करने की घोषणा की है, यह फैसला काबिले तारीफ है।

## नाई समाज की बैठक में महासम्मेलन आयोजन पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल नाई समाज के लोग

नाई समाज की बैठक बरही डीह छठ घाट स्थित धर्मशाला में हुई । बैठक की अध्यक्षता बरही पश्चिमी पंचायत के अध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने किया । बैठक में नाई समाज के उत्थान एवं विकास के लिए महा सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन करने पर चर्चा किया गया । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासम्मेलन के आयोजन को लेकर प्रखंड के सभी गांव में ग्राम स्तरीय बैठक किया जाएगा एवं चुनाव करके नाई समाज की एक समिति बनया जाएगा। जिसके माध्यम से महा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 2023 में रखने पर सहमति बनी। इसके लिए बैठक करके कार्यक्रम का रूपरेखा बनाने पर जोर दिया गया। मौके पर गोविंद ठाकुर पंचायत अध्यक्ष, जीतू ठाकुर सचिव, कैलाश ठाकुर कोषाध्यक्ष, जानकी ठाकुर पूर्व कोषाध्यक्ष ,केदार ठाकुर पूर्व अध्यक्ष, सुखदेव ठाकुर, अशोक ठाकुर, छतरधारी ठाकुर, संजय ठाकुर, संजय ठाकुर, शिव शंकर ठाकुर, ईश्वरी ठाकुर, मुरारी ठाकुर, देवधारी ठाकुर, गणेश ठाकुर, छोटे ठाकुर, राजू ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, नेमन ठाकुर, विजय ठाकुर अजीत ठाकुर मौजूद थे

## अनुसूचित जाति पर बढ़ रही है अत्याचार, कांग्रेस पार्टी का रहेगा साथ : केदार पासवान

### राज्य सरकार की 1932 की खतियान और ओबीसी आरक्षण बढ़ाना जनहितकारी कदम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कांग्रेस पार्टी के अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान पदमा के शंभू रविदास और उनके परिवार द्वारा पदमा प्रखंड में 3 दिनों से आमरण अनशन को समाप्त करवा कर बरही में एक संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए बताया कि कुछ भू माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने के लिए मारपीट कर एक दलित को उत्पीड़न किया गया ।जो शर्मनाक है। पूरे देश में दलितों के साथ उत्पीड़न की घटनाएं रोज हो रही हैं । इन्होंने कहा कि जिस तरह झारखण्ड कि सरकार संवेदन शील है, उसी तरह प्रशासन को संवेदनशील


घटनक्रम की जानकारी देते केदार पासवान

होना चाहिए। 1932 का खतियान तथा ओबीसी को 27प्रतिशत का आरक्षण लागू जो झारखंड सरकार ने किया है । उसका पूरे झारखण्ड की जनता होली दिवाली ईद की तरह उत्सव मना रहे हैं। इन्होंने कहा कि पदमा कि घटना कुछ लोगों की दबंग लोगो की कारिस्तानी है ।डीएसपी तथा अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा है कि एक महीने में जमीन का मामला हल कर दिया जाएगा तथा मारपीट करने वाले दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी कि जाएगी । इस आश्वासन पर जूस पिला कर अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान बरही अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर, बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नजीर अख्तर ने अनशन करियों का अनशन तुड़वाया।

## विश्व हिंदू परिषद जिला बैठक हजारीबाग संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


आज दिनांक 15-9-2022 को विश्व हिंदू परिषद जिला बैठक बड़ा अखाड़ा के गणेश मंदिर के प्रांगण में 11रू00 से 1रू00 तक श्री नरेंद्र कुमार जिला कोषाध्यक्ष जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन जिला मंत्री प्रदीप सोनी ने किया इस बैठक में संगठन विस्तार स्थापना दिवस सूची संग्रह किया गया जिसमें इस वर्ष 155 पंचायतों का गठन किया गया जिसमें स्थापना दिवस की कार्यक्रम भी की गई एवं आगामी कार्यक्रम दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति के माध्यम से 26-9- 2022 (कलश स्थापना) से





5-9-2022 (विजयदशमी) तक दुर्गा चालीसा पाठ ,शस्त्र पूजन सभा के माध्यम से करने पर चर्चा हुई ,30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक तक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा हुतात्मा दिवस( रक्तदान दिवस) 6 नवंबर से 20 नवंबर तक हित चिंतक अभियान के तहत पूरे हजारीबाग में 1 लाख कार्यकर्ताओं तक संपर्क करने की योजना बनी साथी ही प्रखंड पालक नियुक्त किए गए! इस बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता जिला सेवा प्रमुख इंग्लिश सोनी जिला सत्संग प्रमुख सहदेव गुप्ता जिला संयोजक प्रशांत सिंह जिला सहसंयोजक वरुण कुमार अंकज ठाकुर जिला मिलन प्रमुख जिला सुमंत पांडे जिला सामाजिक समरसता प्रमुख अयोध्या मेहता साथ ही नगर एवं सभी प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए!

APEM
LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल का शुभारंभ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के मेरमगड्ढा मोड स्थित राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल का उदघाटन किया गया जो सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य कुमकुम देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया सुमन कुमार, मुखिया मुन्नी देवी, पंसस मंजू देवी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया । वही निदेशक राम प्रसाद ने कहा कि कक्षा नर्सरी से 10 वीं तक पढ़ाई इस विद्यालय में कई जाएगी साथ ही साथ सैनिक विद्यालय, नेतरहाट विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं अन्य टॉप विद्यालयों में बच्चों के नामांकन के लिए निशुल्क तैयारी भी की जायेगी । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा,संजय यादव, बिनोद प्रसाद, राजेंद्र, पासवान, पवन कुमार, विजय रविदास, रामेश्वर प्रसाद, लखन यादव, संतोष यादव, संतोष कुमार साव, मुकेश प्रसाद, लाली प्रसाद, रवि कुमार, अरविंद प्रसाद, अर्जुन प्रसाद उपस्थित थे।

## हाथी से प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा मिले : पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




चलकुशा प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष 13 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में 14 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना दूसरा दिन भी जारी है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, थाना प्रभारी ओमप्रकाश पाण्डेय धरना स्थल पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में ही पूर्व विधायक ने डीएफओ से बात कर कहा कि आप तत्काल टीम बुलावें इसपर डीएफओ ने दुमका की टीम से बात कर शाम तक पहुँचने की बात कही ।पूर्व विधायक यादव ने धरना स्थल से महाप्रबंधक विद्युत विभाग उत्तरी छोटानागपुर से बात कर चलकुशा पॉवर सब-स्टेशन और परसाबाद प०वर सब-स्टेशन चालू करने को कहा महाप्रबंधक ने पूर्व विधायक से कहा कि टेक्निकल टीम को दोनों जगह पर भेज दिया गया है बहुत जल्द विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि जब तक हमारी सभी मांगों को पूरी नहीं की जाती है तब तक हम सब धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे।

पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि चलकुशा ग्रामीण जलापूर्ति योजना और कस्. तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय शीघ्र शुरू करने की बात की पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि 14 सितंबर 2022 को जो जनता का भीड़ देखकर त्वरित करवाई की जा रही है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, वरिष्ठ नेता बाबुलाल बिहारी, केदार यादव, चौबे मुखिया कुमार अंशू, दशरथ यादव, केदार यादव, युवा नेता कुमार रवि, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, रामजीत रजक , मसकेडीह मुखिया प्रतिनिधि विक्रम सिंह, पूर्व पंसस अरुण कुमार यादव, रहमान अंसारी, कार्तिक रविदास, धनेश्वर राणा, मुकेश यादव, ओमप्रकाश यादव, प्रदीप सिंह, भुनेश्वर स्वर्णकार, लाटो यादव, कलीम अंसारी, मुकेश यादव, ओमप्रकाश यादव तथा बड़ी संख्या में प्रखण्ड वासी सहित बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र विभिन्न प्रखण्डों के प्रमुख नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरकट्ठा विधायक का परसाबाद स्टेशन पर धरना बड़ी संख्या में समर्थक जुटे

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



परसाबाद रेलवे स्टेशन में धरना देते विधायक

परसाबाद/कोडरमा : बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में हो रही विभिन्न रेल संबंधित जन समस्याओं को लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में परसाबाद रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना कार्यक्रम में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं जनता काफी संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिए व प्रदर्शन में शामिल हुए। धरना का अगुवाई कर रहे विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की धनबाद-गया रेलखंड पर रेलवे द्वारा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के परसाबाद के आस-पास दर्जनों गांवों रेलवे लाइनों की घेराबंदी की जा रही है। साथ ही रेलवे द्वारा आम लोगो का आवागमन का रास्ता भी बंद किया जा रहा है जिससे आम जन परेशान है इस समस्या से संबंधित 12 सुत्री मांगों को लेकर हम ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन पर जूट हुए है उन्होंने कहा की अगर हमलोगों की लोकहित की मांगों को रेलवे विभाग द्वारा नही मानी गयी तो हमलोग रेलवे के खिलाफ पुनः जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर मुख्य रूप से बिंदेश्वरी बिहारी, जयप्रकाश राम, सुधीर सिंह, भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, टुकलाल नायक, अशोक वर्णवाल, इंददेव प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, रीतलाल चौधरी, दुर्गा प्रसाद यादव, दिनेश सिंह, शशिभूषण प्रसाद, रामप्रसाद यादव, मो खलील अंसारी, मो शमीम अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

APEM LIVE

## सांढ़ पंचायत के दुर्गा मंदिर प्रांगण में लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



वैक्सीनेशन कराते वार्ड सदस्य आनंद पासवान

बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी डॉ. बीएन प्रसाद के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत के दुर्गा मंदिर प्रांगण में कोविड-19 की बूस्टर डोज वैक्सीनेशन कार्य किया गया। जिसमें बूस्टर डोज वैक्सीन लेने के पश्चात पूर्व वार्ड सदस्य सह वर्तमान वार्ड सदस्य प्रतिनिधि आनंद कुमार पासवान ने कहा कि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए वैक्सीन बहुत जरूरी है। साथ ही साथ लोगों से अपील करते हुए आगे उन्होंने कहा कि अपने शरीर में प्रतिरोधक क्षमता वैक्सीन लेने से बढ़ती है इसे अति आवश्यक समझे और वैक्सीनेशन करवाएं। संक्रमण से बचाव के लिए बूस्टर डोज अभी फ्री में लोगों को मुहैया कराया जा रहा है।लोगों को यह सुविधा सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर भी मिल सकती है। पहले लगीं दो वैक्सीन डोज की तरह ही लोग सरकारी केंद्रों में जाकर बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। बता दें कि कोरोना संक्रमण की दर में बीते कुछ वक्त से इजाफा देखने को मिल रहा है और इसी के चलते सरकार ने लोगों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील की है। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी सोहदरी मांझी, अमित कुमार,सहिया दीदी विमला कुमारी , सरिता पासवान सहित अन्य लोगों की योगदान को लोगों ने आभार प्रकट किया।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार को बधाई दी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



जश्न मनाते प्रकाश ठाकुर व अन्य लोग

बड़कागांव : 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति एवं पिछड़ा वर्ग को 27ः आरक्षण लागू होने पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बड़कागांव हजारीबाग के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाईयां खिलाकर खुशियां मनाई। एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि 1932 खतियानी स्थानीय नीति एवं ओबीसी को 27ः आरक्षण देना सरकार का सराहनीय कार्य है। 1932 के खतियान के रूप में झारखंडीयों को नई पहचान मिलेगी। और अब स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा ।मौके पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एनटीपीसी कोल ब्लॉक के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, प्रदेश सचिव दिनेश कुमार उर्फ गुड्डू राम, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, मोहम्मद साबिर हुसैन, प्रमोद महतो, गणेश गंझू, मोहम्मद सफीउल्लाह अंसारी, संगठन सचिव लखन साव, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, विशाल ठाकुर, कमलनाथ गंझु , अशोक गंझु , प्रकाश कुमार ठाकुर, पप्पू कुमार, रोहित कुमार, अभय कुमार, मोहम्मद रब्बानी, सुल्तान अंसारी, चमन साव, गोपाल महतो के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रमंडलस्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन में बड़कागांव से रवाना हुए आजसू कार्यकर्ता

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : बगदाहा टुंडी में आयोजित आजसू पार्टी के प्रमंडलस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भागीदारी सु. निश्चित करने के लिए आजसू पार्टी के बड़कागांव प्रखंड के तमाम पंचायतों से पंचायत के अध्यक्ष एवं सचिव की भागीदारी सुनिश्चित करवाने को लेकर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव से टुंडी के लिए रवाना हुए। प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा,केंद्रीय सदस्य, संदीप कुशवाहा, सचिव, मनोज दांगी,प्रखंड प्रवक्ता, तापेश्वर कुमार तापस, कामेश्वर महतो, रामु गंझु,शशि कुमार महतो,तुलेश्वर राम, कृष्णा साव, रामेश्वर महतो, हुलास प्रसाद दांगी, तुलेश्वर महतो, नरायण प्रसाद, रवि राम, सुरेश महतो अजित कुमार मेहता, अरविंद कुमार, कमलेश कुमार कसेरा, बैद्यनाथ महतो, संतोष कुमार सिन्हा, गोपाल महतो,राथो गंझु, नारायण कुमार, जागेश्वर प्रजापति,नरेश महतो सहीत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : दिन बृहस्पतिवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास कियाद्य इससे पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने जोरदार तरीके से ढोल बाजे के साथ एवं फूल माला पहनाकर स्वागत कियाद्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पहुंचने पर चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद ने विधायक अंबा प्रसाद को फूल गुलदस्ता भेंट कर स्वागत कियाद्य जिसके पश्चात विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए सिलापट्ट अनावरण कियाद्य इस अवसर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी हिस्सों में सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में रहा हैद्य सुदूर से सुदूर इलाकों में भी व्यवस्था उत्तम कराई जा रही है, बड़कागांव एवं केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत पर माननीय मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री को भी अवगत कराया था एवं लगातार जिले में होने वाली बैठकों में इस मामले को जोर-शोर से उठाया जिसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव का जीर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति मिली है और भविष्य में बहुत चल केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी बेहतर बनाया जाएगाद्य उन्होंने बताया कि लगभग 86 लाख की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार कार्य होगा जोकि डीएमएफटी मद से जिला परिषद के द्वारा कराई जा रही है।

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष एस तबस्सुम, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि सुरेश महतो, युवा प्रखंड अध्यक्ष बाबर, आनंद कुमार, विजय कुमार, जमाल सगीर, पंकज कुमार, पदुम साव, राजेश रजक, शमशेर आलम, नरेश साव, त्रिलोकी साव, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में स्थानीयता नीति लागू के फैसले को लेकर गाजे-बाजे के साथ निकला भव्य जुलूस

### कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर व आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में गुरूवार को स्थानीयता नीति लागू करने के फैसले को लेकर निकली जुलूस में खुशी का इजहार करते कार्यकर्ता

झारखंड कैबिनेट में 1932 खतियान आधारित स्थानीयता एवं नियोजन नीति तथा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने के फैसले को लेकर विष्णुगढ़ के लोगों में खासा उत्साह है। इस खुशी में गुरूवार को झामुमो ने ढ़ोल मांदर और गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला। जुलूस की शुरूआत विष्णुगढ़ इंटर क०लेज परिसर में स्थापित पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई। झामुमो युवा नेता गौरव पटेल, केन्द्रीय सदस्य टेकोचंद महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी समेत कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण के पश्चात मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए जमकर आतिशबाजी की गई। हाथों में पार्टी का झंडा थामे कार्यकर्ता नाचते गाते विष्णुगढ़ सातमील मोड़, हॉस्पीटल चौक, अखाड़ा चौक, चेडरा होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जुलस का समापन हुआ। युवा नेता गौरव पटेल ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। इसे स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। हेमंत सोरेन की सरकार एक-एक कर सभी चुनावी वादों को पूरा कर रही है। बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव ने कहा कि जो काम कोई सरकार नहीं कर पाई वह हेमंत सोरेन की सरकार पूरा करके जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। इस फैसले से विपक्ष में सन्नाटा पसर गया है। अब विपक्ष मुद्दाविहीन हो गई है। आने वाले दिनों में यह सरकार और भी जनहित में कई फैसले लेने वाली है। इस फैसले से आदिवासी मूलवासियों को लाभ होगा और आने वाला 2024 चुनाव में पुनः हेमंत सोरेन की सरकार तय हो गई है। मौके पर पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, राजू श्रीवास्तव, संजय प्रजापति, छोटेलाल बेसरा, अनुराग बर्मन, राणा इकबाल खान, सुनील अकेला, विजय साव, गंगाधर महतो, शंकर महतो, रोहित राम, महरू साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज को मिली विश्वविद्यालय से मान्यता

### विधायक जेपी पटेल एवं सचिव ललिता देवी ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज का उद्घाटन करते विधायक समेत अन्य

टेकलाल महतो डिग्री क०लेज को बिनोवा भावे विश्वविद्यालय से सम्बंधन मान्यता मिल गई है। इस मौके पर मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल तथा क०लेज सचिव ललिता देवी ने फीता काटकर डिग्री क०लेज का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात कॉलेज में विधिवत कक्षाओं की शुरूआत कर दी गई। विधायक एवं सचिव ने संयुक्त रूप से पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि मेरे पिता टेकलाल महतो जी सिर्फ नेता नहीं एक विचारधारा भी थे। उनके शैक्षणिक सोच को लेकर विष्णुगढ़ में डिग्री क०लेज की स्थापना की गई। विष्णुगढ़ जैसे पिछडे प्रखंड में उच्च शिक्षा का एकमात्र संस्थान भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। डिग्री की पढ़ाई नहीं होने से इलाके के छात्र-छात्राओं को दूसरे शहरों में जाकर पढ़ाई करनी पड़ती थी। जिससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज को स्थापना स्वीकृति मिलने से स्थानीय छात्र-छात्राओ को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर प्राचार्य डॉ रामचंद्र राम, बालगोविन्द प्रसाद, गिरजा साव, टेकोचंद महतो, रामेश्वर सिंह, जयवीर बर्मन, पुष्पलता कुमारी, महेन्द्र नारायण सिंह, गुरू प्रसाद, लालधन महतो, हीरामन महतो, चेतलाल महतो, केबी मंडल, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, महादेव मंडल, अनिल कुमार, रविशंकर महतो, पारस सिंह, पवन प्रताप सिंह, जयनंदन महतो, रीतलाल, रामप्रसाद, प्रेमचंद, कुंदन ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड में स्थानीयता नीति के फैसले का टेकलाल महतो विचार मंच ने किया स्वागत

### बाहरियों द्वारा हो रही हकमारी पर अब लगेगी रोक : गुरु प्रसाद

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



टेकलाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते टेकलाल महतो विचार मंच के कार्यकर्ता

टेकलाल महतो विचार मंच ने राज्य में 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। इस मौके पर विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने टेकलाल महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंच के नेताओं ने कहा कि यह झारखंड के आदिवासी मूलवासियों के अथक संघर्ष का परिणाम है। इससे झारखंड में सभी आदिवासी मूलवासी के बच्चों के रोजी रोजगार और नौकरी का मार्ग प्रशस्त होगा। पहले यहां के लोगों के अधिकार और हित में हकमारी होती थी। अब इसमें बैरियर लग गया है। इससे किसी की भावना आहत नहीं होगी। झारखंड के अधिकांश रोजी रोजगार से जुड़ सकेंगे। यह झारखंड की मूलवासी आदिवासियों के लिए गठित अलग राज्य बनने का उद्देश्य पूरा होगा। मौके पर किशोर कुमार मंडल, मधुसूदन प्रसाद, बासुदेव महतो, गुरु प्रसाद साव, महादेव मंडल, चेतलाल महतो, हिरामन महतो, किशोर यादव, सुरेश मंडल, विनोद गुप्ता, गोविंद रजक, अंजू देवी, सीमा देवी, सीमा, डिम्पल, मालती देवी, बोधलाल महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




## पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पुरस्कार

### विद्यालय परिवार ने उपहार देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षक

विष्णुगढ़ के खरना स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गुरूवार को पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वच्छता पखवारा 2022 के तहत आयोजित की गई थी। इसमें विद्यालय के कई विद्यार्थी शामिल हुए और अपनी चित्रांकन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक चिंतामणि प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों की हौसला आफजाई करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताते हुए बधाई दी।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार